| SUBJECT CODE | SUBJECT | PAPER |
|---|---|---|
| **C-12-17** | **HINDI** | **III** |

| HALL TICKET NUMBER | QUESTION BOOKLET NUMBER |
|---|---|
| | 301555 |
| OMR SHEET NUMBER | |
| | |

| DURATION | MAXIMUM MARKS | NUMBER OF PAGES | NUMBER OF QUESTIONS |
|---|---|---|---|
| 2 Hour 30 Minutes | 150 | 16 | 75 |

This is to certify that, the entries made in the above portion are correctly written and verified.

**Candidate's Signature** **Name and Signature of Invigilator**

**INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES**

1. Write your Hall Ticket Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Answer Sheet given to you.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. **The candidate must handover the OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the** Examination Hall. The candidate is allowed to take away the carbon copy of OMR Sheet and used Question Paper Booklet at the end of the examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

**అభ్యర్థులకు సూచనలు**

1. ఈ పుట పై భాగంలో ఇవ్వబడిన స్థలంలో మీ హాల్ టికెట్ నంబరు రాయండి.
2. ఈ ప్రశ్న పత్రము డెబ్బైఐదు బహుళైచ్ఛిక ప్రశ్నలను కలిగి ఉంది.
3. పరీక్ష ప్రారంభమున ఈ ప్రశ్నాపత్రము మీకు ఇవ్వబడుతుంది. మొదటి ఐదు నిమిషములలో ఈ ప్రశ్నాపత్రమును తెరిచి కింద తెలిపిన అంశాలను తప్పనిసరిగా సరిచూసుకోండి.
   (i) ఈ ప్రశ్న పత్రమును చూడడానికి కవర్‌పేజి అంచున ఉన్న కాగితపు సీలును చించండి. స్టిక్కర్ సీలులేని మరియు ఇదివరకే తెరిచి ఉన్న ప్రశ్నాపత్రమును మీరు అంగీకరించవద్దు.
   (ii) కవరు పేజి పై ముద్రించిన సమాచారం ప్రకారం ఈ ప్రశ్నపత్రములోని పేజీల సంఖ్యను మరియు ప్రశ్నల సంఖ్యను సరిచూసుకోండి. పేజీల సంఖ్యకు సంబంధించి గానీ లేదా సూచించిన సంఖ్యలో ప్రశ్నలు లేకపోవుట లేదా నిజప్రతి కాకపోవుట లేదా ప్రశ్నలు క్రమపద్ధతిలో లేకపోవుట లేదా ఏవైనా తేడాలుండుట వంటి దోషపూరితమైన ప్రశ్న పత్రాన్ని వెంటనే మొదటి ఐదు నిమిషాల్లో పరీక్షా పర్యవేక్షకునికి తిరిగి ఇచ్చివేసి దానికి బదులుగా సరిగ్గా ఉన్న ప్రశ్నపత్రాన్ని తీసుకోండి. తదనంతరం ప్రశ్నపత్రము మార్చబడదు అదనపు సమయం ఇవ్వబడదు.
   (iii) పై విధంగా సరిచూసుకొన్న తర్వాత ప్రశ్నాపత్రం సంఖ్యను OMR పత్రము పై అదేవిధంగా OMR పత్రము సంఖ్యను ఈ ప్రశ్నాపత్రము పై నిర్దిష్టస్థలంలో రాయవలెను.
4. ప్రతి ప్రశ్నకు నాలుగు ప్రత్యామ్నాయ ప్రతిస్పందనలు (A), (B), (C) మరియు (D) లుగా ఇవ్వబడ్డాయి. ప్రతి ప్రశ్నకు సరైన ప్రతిస్పందనను ఎన్నుకొని కింద తెలిపిన విధంగా OMR పత్రములో ప్రతి ప్రశ్నా సంఖ్యకు ఇవ్వబడిన నాలుగు వృత్తాల్లో సరైన ప్రతిస్పందనను సూచించే వృత్తాన్ని బాల్ పాయింట్ పెన్‌తో కింద తెలిపిన విధంగా పూరించాలి.
   ఉదాహరణ : (A) (B) ● (D)
   (C) సరైన ప్రతిస్పందన అయితే
5. ప్రశ్నలకు ప్రతిస్పందనలను ఈ ప్రశ్నపత్రముతో ఇవ్వబడిన OMR పత్రము పైన ఇవ్వబడిన వృత్తాల్లోనే పూరించి గుర్తించాలి. అలాకాక సమాధాన పత్రంపై వేరొక చోట గుర్తిస్తే మీ ప్రతిస్పందన మూల్యాంకనం చేయబడదు.
6. ప్రశ్న పత్రము లోపల ఇచ్చిన సూచనలను జాగ్రత్తగా చదవండి.
7. చిత్తుపనిని ప్రశ్నపత్రము చివర ఇచ్చిన ఖాళీస్థలములో చేయాలి.
8. OMR పత్రము పై నిర్ణీత స్థలంలో సూచించవలసిన వివరాలు తప్పించి ఇతర స్థలంలో మీ గుర్తింపును తెలిపే విధంగా మీ పేరు రాయడం గానీ లేదా ఇతర చిహ్నాలను పెట్టడం గానీ చేసినట్లయితే మీ అనర్హతకు మీరే బాధ్యులవుతారు.
9. పరీక్ష పూర్తయిన తర్వాత మీ OMR పత్రాన్ని తప్పనిసరిగా పరీక్ష పర్యవేక్షకుడికి ఇవ్వాలి. వాటిని పరీక్ష గది బయటకు తీసుకువెళ్లకూడదు. పరీక్ష పూర్తయిన తరువాత అభ్యర్థులు ప్రశ్న పత్రాన్ని, OMR పత్రం యొక్క కార్బన్ కాపీని తీసుకువెళ్లవచ్చు.
10. నీలి/నల్ల రంగు బాల్ పాయింట్ పెన్ మాత్రమే ఉపయోగించాలి.
11. లాగరిథమ్ టేబుల్స్, క్యాలిక్యులేటర్‌లు, ఎలక్ట్రానిక్ పరికరాలు మొదలగునవి పరీక్షగదిలో ఉపయోగించడం నిషేధం.
12. తప్పు సమాధానాలకు మార్కుల తగ్గింపు లేదు.

SEAL

DO NOT WRITE HERE

## HINDI
**Paper - III**

1. 'आदिकाल' को 'आरंभिककाल' यह नाम किसने दिया ?
   (A) डॉ. रामकुमार वर्मा
   (B) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (C) आ. रामचंद्र शुक्ल
   (D) मिश्र बंधु

2. दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना किसने की ?
   (A) महात्मा गांधी (B) राजगोपालचारी
   (C) डॉ. राधाकृष्णन् (D) इनमें से कोई नहीं

3. किसी सीमित क्षेत्र में बोली जानेवाली स्थानीय भाषा को कहते हैं :
   (A) उपभाषा (B) राजभाषा
   (C) व्यक्ति बोली (D) बोली

4. 'विजयपाल रासो' की भाषा कौनसी है ?
   (A) डिंगल (B) पिंगल
   (C) अपभ्रंश (D) प्राकृत

5. सर्वप्रथम बारहमासा का वर्णन किस काव्य में मिलता है ?
   (A) बीसलदेव रासो
   (B) सन्देश रासो
   (C) विजयपाल रासो
   (D) खुमान रासो

6. 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना कब हुई ?
   (A) 1800 (B) 1801
   (C) 1802 (D) 1805

7. 'तुगलक नामा' किसकी रचना है ?
   (A) अब्दुर्रहमान (B) अमीर खुसरो
   (C) इकबाल (D) गालिब

8. इनमें से अवधी के कवि **नहीं** है :
   (A) तुलसी (B) जायसी
   (C) मंझन (D) नंददास

9. 'साहित्य लहरी' के रचयिता कौन हैं ?

(A) सूरदास (B) तुलसीदास

(C) नंददास (D) स्वामी हरिदास

10. 'अगले जनम मोहि बिटिया न कीजो' की लेखिका कौन हैं ?

(A) मधु कांकरिया

(B) अनामिका

(C) उषाराजे सक्सेना

(D) कुर्रतुल ऐन. हैदर

11. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना 'उपन्यास' **नहीं** है ?

(A) कटगुलाब

(B) आवा

(C) पहला गिरमिटिया

(D) एक साहित्यिक की डायरी

12. 'झोपड़ी से राजभवन तक' के लेखक कौन हैं ?

(A) कंवल भारती (B) नैमिशराय

(C) माताप्रसाद (D) सूरजपाल चौहान

13. संचारी भावों की संख्या मानी गई है :

(A) 34 (B) 29

(C) 48 (D) 33

14. 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' किस दलित साहित्यकार की कहानी है ?

(A) सत्यप्रकाश

(B) जयप्रकाश कर्दम

(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(D) दयानंद बटलोही

15. 'भूषन बिनु न विराजई कविता बनिता मित्त' पंक्ति किस कवि की है ?

(A) बिहारी (B) केशव

(C) भूषण (D) मतिराम

16. इनमें से काव्य हेतु **नहीं** है :

(A) प्रतिभा (B) अभ्यास

(C) व्युत्पत्ति (D) पद संघटन

17. निम्नलिखित भारतीय भाषाओं में से किस भाषा में उपन्यास पहले लिखा गया ?

(A) तमिल (B) हिंदी

(C) गुजराती (D) बंगला

18. पद्मावत की रचना किस मुसलमान बादशाह के शासन काल में हुई है?

(A) शेरशाह सूरी

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) अलाउद्दिन खिलजी

19. "प्रत्येक वाणी में महाकाव्य की पीड़ा है" यह कथन किसका है?

(A) नागार्जुन (B) मुक्तिबोध

(C) अज्ञेय (D) दिनकर

20. इनमें से कौनसा निबंध संकलन विद्यानिवास मिश्र का है?

(A) कल्पलता

(B) पगडण्डियों का ज़माना

(C) अशोक के फूल

(D) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

21. नासिरा शर्मा के किस उपन्यास में मुहाजिरों की पीड़ा को अभिव्यक्त किया गया है?

(A) शाल्मली

(B) ठीकरे की मंगनी

(C) जिंदा मुहावरे

(D) सात नदियाँ : एक समुंदर

22. डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में लिपि सुधार समिति का गठन किस वर्ष किया गया था?

(A) 1940 ई. (B) 1950 ई.

(C) 1953 ई. (D) 1955 ई.

23. महावीर प्रसाद द्विवेदी किस छद्म नाम से अपनी रचनाएँ 'सरस्वती पत्रिका' में छापते थे?

(A) त्रिशूल

(B) भुजंगभूषण भट्टाचार्य

(C) हनुमान

(D) अनामदास

24. राजभाषा के प्रति सरकार के कर्तव्यों और दायित्वों का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है?

(A) 343 (B) 344

(C) 346 (D) 351

25. 'नयी समीक्षा' का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया?

(A) थॉमस हाब्स (B) स्विनगार्ग

(C) हर्बर्ट रीड़ (D) अरस्तू

26. 'नींद क्यों रातभर नहीं आती' एकांकी किस एकांकीकार की है ?

(A) निर्मल वर्मा (B) मोहन राकेश

(C) स्वदेश दीपक (D) सुरेन्द्र वर्मा

27. 'सूखा बरगद' उपन्यास के लेखक कौन है ?

(A) मंज़ूर एहतेशाम

(B) नासिरा शर्मा

(C) शैलेश मटियानी

(D) असगर वज़ाहत

28. कबीर किस मुगल शासक के समकालीन थे ?

(A) मुहम्मद तुगलक

(B) अकबर

(C) अलाउद्दीन

(D) सिकंदर लोदी

29. उस्मान कृत 'चित्रावली' का नायक कौन है ?

(A) चित्रसेन (B) सुजान

(C) सुभान (D) सुदान

30. निम्नलिखित में से अष्टछाप के कवि **नहीं** है :

(A) सूरदास (B) नंददास

(C) कुंभनदास (D) हरिदास

31. **स्थापना (A) :**

अनुभव की प्रमाणिकता दलित और स्त्री-लेखन की मूल संवेदना है।

**तर्क (R) :**

क्योंकि साहित्यकार वर्ग चेतना से प्रतिबद्ध होता है।

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

32. **स्थापना (A) :**

छायावाद के मूल में पाश्चात्य रहस्यवादी भावना निहित थी, जिसकी प्रेरणा इन कवियों को अंग्रेजी की रोमांटिक भावधारा की कविताओं से प्राप्त थी।

**तर्क (R) :**

सभी छायावादी कवियों की कम से कम एक विशेषता रहस्यवाद की रही है, परंतु रहस्यवाद और छायावाद समानार्थी नहीं कहे जा सकते।

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

33. **स्थापना (A) :**

जब प्रेम-भाव व्यष्टि सौंदर्य से ऊपर उठता है, तब वह आध्यात्मिक स्तर पर पहुँच जाता है।

**तर्क (R) :**

क्योंकि प्रेम-भाव आध्यात्मिक होता है।

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** सही

34. **स्थापना (A) :**

ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग भक्ति के दो रूप हैं, जो विरोधी न होकर परस्पर संबद्ध हैं।

**तर्क (R) :**

कारण ज्ञान की अनुभूति ही भक्ति है।

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

35. **स्थापना (A) :**

भारतेंदु हरिश्चन्द्र की रचनाओं का मूल स्वर देश भक्ति नहीं है।

**तर्क (R) :**

क्योंकि देशप्रेम की भावना तत्कालीन भारतीय समाज में नहीं थी।

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

36. **स्थापना (A) :**

प्रत्येक स्त्री अपने आप में एक विशिष्ट स्त्री है। अपने जीवन जीने और होने के तरीके से ही वह अपना स्त्री होना स्थापित करती है।

**तर्क (R) :**

अतः स्त्रीत्व के नाम पर समाज उसके स्त्री होने के आचरण को अच्छा या बुरा कहने का अधिकार रखता है और पूर्व निर्धारित ढंग से किसी भी भूमिका को आरोपित कर सकता है।

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

37. **स्थापना (A) :**

**महादेवी वर्मा ने मध्यकालीन रहस्य-साधना को अस्वीकार करके उसे अपने युगबोध के अनुरूप ढालने की कोशिश है।**

**तर्क (R) :**

**क्योंकि वह अपनी अभिव्यक्ति की सांकेतिकता के द्वारा रहस्यवाद को एक नया आयाम देना चाहती थी।**

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

38. **स्थापना (A) :**

**प्रगतिवाद के पास एक अमूर्त दृष्टि थी जो अनुभव की उपज थी।**

**तर्क (R) :**

**अनुभव के दबाव ने प्रगतिशील कविता को प्रभावशाली बना दिया।**

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

39. **स्थापना (A) :**

**जब किसी नायिका के शरीर में नव यौवन का प्रवेश हो रहा हो, उस नायिका को मुग्धा कहते हैं और उसमें लज्जा भाव बड़ा प्रबल होता है।**

**तर्क (R) :**

**इसी कारण उसे परकीया नायिका की कोटि में गिना गया है।**

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** अंशत: गलत

40. **स्थापना (A) :**

**प्लेटो के विचार में, 'एक गोबर से भरी टोकरी भी सुन्दर कही जा सकती है, यदि उसका कोई उपयोग हो।'**

**तर्क (R) :**

**कारण सौन्दर्य की सत्ता आत्मगत होती है, वस्तुगत नहीं।**

**सही** विकल्प है :

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

41. हरिवंशराय बच्चन की आत्मकथाओं को कालक्रम के अनुसार चुनिए :

(A) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, नीड़ का निर्माण फिर, दशद्वार से सोपान तक, बसेरे से दूर

(B) नीड़ का निर्माण फिर, दशद्वार से सोपान तक, बसेरे से दूर, क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(C) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, नीड़ का निर्माण फिर, बसेरे से दूर, दशद्वार से सोपान तक

(D) बसेरे से दूर, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, दशद्वार से सोपान तक, नीड़ का निर्माण फिर

42. कालक्रमानुसार फणीश्वरनाथ रेणु की कहानियों का विकास बताइए :

(A) तीसरी कसम, उर्फ़ मारे गए गुलफ़ाम, अच्छे आदमी, ठुमरी, अग्निखोर

(B) अच्छे आदमी, ठुमरी, अग्निखोर, तीसरी कसम, उर्फ़ मारे गए गुलफ़ाम

(C) ठुमरी, अग्निखोर, उर्फ़ मारे गए गुलफ़ाम, अच्छे आदमी, तीसरी कसम

(D) ठुमरी, अग्निखोर, अच्छे आदमी, तीसरी कसम, उर्फ़ मारे गए गुलफ़ाम

43. मुंशी प्रेमचंद की कहानियों का सही अनुक्रम चुनिए :

(A) पंचपरमेश्वर, बूढ़ी काकी, ईदगाह, कफ़न

(B) बूढ़ी काकी, कफ़न, ईदगाह, पंचपरमेश्वर

(C) कफ़न, ईदगाह, बूढ़ी काकी, पंचपरमेश्वर

(D) ईदगाह, कफ़न, पंचपरमेश्वर, बूढ़ी काकी

44. हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों का सही अनुक्रम कौनसा है ?

(A) कल्पलता, अशोक के फूल, कुटज, विचार प्रवाह

(B) अशोक के फूल, कल्पलता, विचार प्रवाह, कुटज

(C) कुटज, विचार प्रवाह, अशोक के फूल, कल्पलता

(D) विचार प्रवाह, कुटज, कल्पलता, अशोक के फूल

45. हरिशंकर परसाई के निबंधों का **सही** अनुक्रम चुनिए :

(A) पगडंडियों का ज़माना, सदाचार का ताबीज़, कहत कबीर, पाखंड का आध्यात्म

(B) सदाचार का ताबीज़, कहत कबीर, पगडंडियों का ज़माना, कहत कबीर, पाखंड का आध्यात्म

(C) पाखंड का आध्यात्म, सदाचार की ताबीज़, कहत कबीर, पगडंडियों का ज़माना

(D) कहत कबीर, सदाचार का ताबीज़, पाखंड का आध्यात्म, पगडंडियों का ज़माना

46. रामधारी सिंह 'दिनकर' के निबंधों का सही अनुक्रम कौनसा है ?

(A) वेणुवन, मिट्टी की ओर, रेती के फूल, अर्द्धनारीश्वर

(B) रेती के फूल, अर्द्धनारीश्वर, वेणुवन, मिट्टी की ओर

(C) मिट्टी की ओर, अर्द्धनारीश्वर, रेती के फूल, वेणुवन

(D) अर्द्धनारीश्वर, रेती के फूल, मिट्टी की ओर, वेणुवन

47. कालक्रमानुसार इन कवियों के सही विकास को बताइए :

(A) उसमान, शेख नबी, कासिम शाह, नूर मुहम्मद

(B) कासिम शाह, उसमान, नूर मुहम्मद, शेख नबी

(C) उसमान, कासिम शाह, शेख नबी, नूर मुहम्मद

(D) उसमान, नूर मुहम्मद, शेख नबी, कासिम शाह

48. रीतिकालीन कवियों का काल क्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) देव, बिहारी, मतिराम, भूषण

(B) मतिराम, बिहारी, भूषण, देव

(C) बिहारी, मतिराम, देव, भूषण

(D) भूषण, बिहारी, देव, मतिराम

49. जीवनकाल के आधार पर प्रसाद के काव्यों का **सही** क्रम है :

(A) आँसू, कामायनी, लहर, कानन कुसुम

(B) कानन कुसुम, आँसू, कामायनी, लहर

(C) लहर, आँसू, कामायनी, कानन कुसुम

(D) कानन कुसुम, आँसू, लहर, कामायनी

50. मृदुला गर्ग की कहानियों का **सही** कालक्रम है :

(A) कितनी कैदें, टुकड़ा टुकड़ा आदमी, डेफ़ोडिल जल रहे हैं, ग्लेशियर से

(B) ग्लेशियर से, डेफ़ोडिल जल रहे हैं, टुकड़ा टुकड़ा आदमी, कितनी कैदें

(C) डेफ़ोडिल जल रहे हैं, ग्लेशियर से, टुकड़ा टुकड़ा आदमी, कितनी कैदें

(D) ग्लेशियर से, कितनी कैदें, टुकड़ा टुकड़ा आदमी, डेफ़ोडिल जल रहे हैं

51. नासिरा शर्मा की कहानियों का कालानुक्रम बताइए :

(A) दूसरा ताजमहल, इन्सानी नस्ल, खुदा की वापसी, सबीना के चालीस चोर

(B) खुदा की वापसी, सबीना के चालीस चोर, इन्सानी नस्ल, दूसरा ताजमहल

(C) इन्सानी नस्ल, खुदा की वापसी, दूसरा ताजमहल, सबीना के चालीस चोर

(D) सबीना के चालीस चोर, खुदा की वापसी, इन्सानी नस्ल, दूसरा ताजमहल

52. कालक्रमानुसार शिवानी के उपन्यासों का विकास बताइए :

(A) विषकन्या, भैरवी, कृष्णकली, चौदह फ़ेरे

(B) चौदह फ़ेरे, कृष्णकली, भैरवी, विषकन्या

(C) कृष्णकली, चौदह फ़ेरे, विषकन्या, भैरवी

(D) भैरवी, विषकन्या, चौदह फ़ेरे, कृष्णकली

53. कालक्रम के अनुसार प्रभा खेतान के उपन्यासों को चुनिए :

(A) अपने अपने चेहरे, छिन्नमस्ता, पीली आँधी, आओ पेपें घर चले

(B) छिन्नमस्ता, पीली आँधी, अपने अपने चेहरे, आओ पेपें घर चले

(C) आओ पेपें घर चले, छिन्नमस्ता, अपने अपने चेहरे, पीली आँधी

(D) पीली आँधी, छिन्नमस्ता, आओ पेपें घर चले, अपने अपने चेहरे

54. कालक्रमानुसार नामवरसिंह की आलोचनात्मक कृतियों को चुनिए :

(A) वाद-विवाद संवाद, कविता के नए प्रतिमान, दूसरी परंपरा की खोज, कहानी : नई कहानी

(B) कहानी : नई कहानी, कविता के नए प्रतिमान, दूसरी परंपरा की खोज, वाद-विवाद संवाद

(C) दूसरी परंपरा की खोज, कहानी : नई कहानी, वाद-विवाद संवाद, कविता के नए प्रतिमान

(D) कविता के नए प्रतिमान, वाद-विवाद संवाद, दूसरी परंपरा की खोज, कहानी : नई कहानी

55. तेलंगाना राज्य की हिन्दी पत्र पत्रिकाओं का कालक्रमानुसार विकास बताइए :

(A) कल्पना, दक्षिण समाचार, हिन्दी मिलाप, स्वतंत्र वार्ता

(B) दक्षिण समाचार, स्वतंत्र वार्ता, हिन्दी मिलाप, कल्पना

(C) हिन्दी मिलाप, स्वतंत्र वार्ता, कल्पना, दक्षिण समाचार

(D) स्वतंत्र वार्ता, हिन्दी मिलाप, कल्पना, दक्षिण समाचार

56. निम्नलिखित कृतियों का कृतिकारों के साथ सुमेलन कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पार्वती मंगल | (i) | तुलसी |
| (b) | भक्तमाल | (ii) | हृदयराम |
| (c) | हनुमन्नाटक | (iii) | ईश्वरदास |
| (d) | अंगद पैज | (iv) | नामादास |
| | | (v) | अग्रदास |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (C) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

57. निम्नलिखित आत्मकथाओं का उनके रचनाकारों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मेरा बचपन मेरे कंधों पर | (i) | भगवानदास |
| (b) | मणिकर्णिका | (ii) | श्योराजसिंह 'बेचैन' |
| (c) | अपने अपने पिंजरे | (iii) | तुलसीदास |
| (d) | मैं भंगी हूँ | (iv) | मोहनदास नैमिशराय |
| | | (v) | ओमप्रकाश वाल्मिकि |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

58. निम्नलिखित संस्मरण-साहित्य को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | बोलती प्रतिमा | (i) | महादेवी वर्मा |
| (b) | वे दिन वे लोग | (ii) | राहुल सांकृत्यायन |
| (c) | बचपन की स्मृतियाँ | (iii) | श्रीराम शर्मा |
| (d) | अतीत के चलचित्र | (iv) | विष्णु प्रभाकर |
| | | (v) | शिवपूजन सहाय |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

59. निम्नलिखित यात्रावृत्तों का उनके लेखकों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हमारी जापान यात्रा | (i) | राहुल सांकृत्यायन |
| (b) | मेरी जर्मन यात्रा | (ii) | कन्हैयालाल मिश्र |
| (c) | मेरी यूरोप यात्रा | (iii) | केदाररूप राय |
| (d) | हमारी विलायत यात्रा | (iv) | सत्यदेव परिव्राजक |
| | | (v) | रांगेय राघव |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (v) |
| (D) | (v) | (ii) | (iv) | (i) |

60. निम्नलिखित आत्मकथाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | राख की लपटें | (i) | बाबू गुलाबराय |
| (b) | मेरी जीवन यात्रा | (ii) | उग्र |
| (c) | मेरी असफ़लताएँ | (iii) | मेरी आत्मकहानी |
| (d) | अपनी खबर | (iv) | राहुल सांकृत्यायन |
| | | (v) | पुरुषोत्तमदास टंडन |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

61. निम्नलिखित वर्णों का उच्चारण-प्रयत्न के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | लुंठित | (i) | ल |
| (b) | स्पर्श | (ii) | स |
| (c) | स्पर्श संघर्षी | (iii) | क |
| (d) | पार्श्विक | (iv) | ळ |
| | | (v) | र |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (v) | (iv) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |

62. निम्नलिखित पंक्तियों का कवि के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मन न भये दस बीस | (i) | सूरदास |
| (b) | बसो मेरे नैनन में नंदलाल | (ii) | मीरा |
| (c) | मोरपखा सिर ऊपर राखिहौ | (iii) | रसखान |
| (d) | भक्तन को कहा सीकरी सो काम | (iv) | कुम्भनदास |
| | | (v) | कबीर |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |

63. निम्नलिखित आलोचकों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नंददुलारे वाजपेयी | (i) | कविता के नए प्रतिमान |
| (b) | हजारीप्रसाद द्विवेदी | (ii) | साहित्यालोचन |
| (c) | नगेन्द्र | (iii) | नया साहित्य नए प्रश्न |
| (d) | नामवर सिंह | (iv) | कबीर |
| | | (v) | रस सिद्धांत |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (i) | (v) | (iv) | (iii) |

64. निम्नलिखित कृतियों का उनके कृतिकारों के साथ सुमेलन कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मेरी जेल डायरी | (i) | जानकीवल्लभ शास्त्री |
| (b) | डायरी के नीरस पृष्ठ | (ii) | बिशन टंडन |
| (c) | आपातकाल की डायरी | (iii) | जयप्रकाश नारायण |
| (d) | एक असाहित्यिक की डायरी | (iv) | निर्मल वर्मा |
| | | (v) | इलाचन्द्र जोशी |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |
| (B) | (v) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (v) |
| (D) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |

65. निम्नलिखित एकांकीकारों को उनकी एकांकियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | देवकीनंदन खत्री | (i) | रेशमी टाई |
| (b) | डॉ. रामकुमार वर्मा | (ii) | अंडे के छिलके |
| (c) | जगदीशचंद्र माथुर | (iii) | टकराहट |
| (d) | मोहन राकेश | (iv) | रीढ़ की हड्डी |
| | | (v) | जनेऊ का खेल |

सही विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (v) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |

66. निम्नलिखित महिला कहानीकारों को उनकी कहानियों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | राजेन्द्र बाला घोष | (i) | चांदनी में बर्फ़ पर |
| (b) | मन्नू भंडारी | (ii) | यारों के यार |
| (c) | उषा प्रियंवदा | (iii) | दुलाईवाली |
| (d) | कृष्णा सोबती | (iv) | एक प्लेट पुलाव |
| | | (v) | पान वाला |

**सही** विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (v) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

67. निम्नलिखित काव्यशास्त्रियों के उनके सिद्धांतों के अनुसार सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अरस्तू | (i) | सम्प्रेषण सिद्धांत |
| (b) | क्रोचे | (ii) | निरवैयक्तियता |
| (c) | टी.एस. ईलियट | (iii) | अनुकरण सिद्धांत |
| (d) | आई.ए. रिचर्डस् | (iv) | अभिव्यंजनावाद |
| | | (v) | औदात्य सिद्धांत |

**सही** विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

68. निम्नलिखित पंक्तियों को उसके सटीक उत्तर के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कामायनी की श्रद्धा का पूर्वसंस्करण | (i) | उर्वशी |
| (b) | छायावाद की प्रयोगशाला का प्रथम आविष्कार | (ii) | झरना |
| (c) | मानवता का रसात्मक इतिहास | (iii) | जुही की कली |
| (d) | छायावाद का घोषणापत्र | (iv) | राम की शक्ति पूजा |
| | | (v) | असाध्यवीणा |

**सही** विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

69. सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | जायसी | (i) | अनुराग बांसुरी |
| (b) | कुतुबन | (ii) | चंदायन |
| (c) | मुल्लादाऊद | (iii) | पद्मावत |
| (d) | नूरमोहम्मद | (iv) | मृगावती |
| | | (v) | रूपमंजरी |

**सही** विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |

70. निम्नलिखित रचनाओं के रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | जंगल जहाँ शुरू होता है | (i) | रांगेय राघव |
| (b) | अल्मा कबूतरी | (ii) | रणेन्द्र |
| (c) | कब तक पुकारूँ | (iii) | संजीव |
| (d) | ग्लोबल गाँव के देवता | (iv) | मैत्रेयी पुष्पा |
| | | (v) | ज्ञानरंजन |

**सही** विकल्प है :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (v) | (ii) | (iii) |

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या 71 से 75) के उत्तरों के लिए दिए गए बहुविकल्पों में से **सही** विकल्प का चयन करें।

" पेरी लेवी का नारा है 'सर्वज्ञ कोई नहीं, प्रत्येक कुछ-कुछ जानता है, समस्त ज्ञान नेटवर्क में रहता है', इसका अर्थ यह है कि ज्ञान 'व्यक्ति' के पास नहीं उसके बाहर नेटवर्क में रहता है। बाह्य जगत् में रहता है। ज्यादा ज्ञान है, ज्यादा सूचनाएँ हैं, खबरें भी हैं, इसका अर्थ यह नहीं है कि हम ज्यादा जानते हैं। सूचना स्वयं में सचेत नहीं होती, उसे हम अपने विवेक के जरिए सचेत बनाते हैं। सूचना सचेत तब बनती है जब समुदाय उसका इस्तेमाल करता है या सामुदायिक एक्शन का हिस्सा बनती है। 'बिग डाटा' होने से ज़रूरी नहीं है कि बड़े सामाजिक एक्शन भी होंगे। 'सामुदायिक नेटवर्क इंटेलीजेंस' की धारणा प्रतिक्रियावादी नियंत्रण की धारणा है। इसी तरह सामुदायिक चेतनता महज सोशल मीडिया या ट्टस या स्वत: अभिव्यक्ति नहीं है। सामुदायिक चेतनता के प्रसारण के लिए सामुदायिक या वर्गीय संगठनों का जमीनी स्तर पर उस चेतना के प्रसारण के रूप में काम करना बहुत ज़रूरी है।"

71. 'बिग डाटा' होने से क्या ज़रूरी **नहीं है** ?

(A) राजनीतिक एक्शन।

(B) सामुदायिक एक्शन।

(C) वैयक्तिक एक्शन।

(D) सामाजिक एक्शन।

72. समस्त ज्ञान कहाँ रहता है ?

(A) नेटवर्क (B) समाज

(C) व्यक्ति (D) समुदाय

73. सूचना स्वयं में क्या **नहीं** है ?

(A) पर्याप्त (B) अपर्याप्त

(C) सचेत (D) अचेत

74. सूचना किसके ज़रिए सचेत बनती है ?

(A) समाज (B) विवेक

(C) व्यक्ति (D) समुदाय

75. ज्यादा ख़बरे होने का अर्थ है :

(A) हम ज्यादा जानते हैं।

(B) हमारे पास ज्यादा पैसे हैं।

(C) हम धनी हैं।

(D) हम लोकप्रिय है।

- o 0 o -

Space For Rough Work

SEAL